# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20 मार्च, 2014 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 20 मार्च, 2014 को श्री रविन्द्र कुमार कर्ण, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.) महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अमित प्रसाद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (आई.टी.) | सदस्य |
| 2. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री अम्बरीश बर्मन, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक | सदस्य |
| 4. | डॉ. नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सहायक निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय (वित्त) | सदस्य |
| 5. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 6. | श्री कृष्ण कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 7. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ई.डी.पी.) | सदस्य |
| 8. | श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता, लेखा अधिकारी (प्रशा.) | |
| 9. | श्री पप्पन कुमार चौधरी, सहायक लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा-8) | सदस्य |
| 10 | श्री दिलीप कुमार, हिंदी अधिकारी | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

1. श्रीमती बीना कुमारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षक
2. श्रीमती काकोली दत्ता, कनिष्ठ अनुवादक
3. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
4. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
5. श्री रजत कुमार, लिपिक

सर्वप्रथम सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया। तदोपरांत श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी का समिति के नए सदस्यों के रूप में परिचय कराने के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई ।

**मद सं.:1** <u>दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि:</u>

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 08 जनवरी, 2014 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अधीन सभी संबंधितों को भेज दिया गया था। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुआ, अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.:2** <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :</u>

सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि

(1) पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सभी प्रकार के पत्र, सरकारी आदेश एवं स्वीकृतियों आदि के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी रूप में जारी करने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। अनुभागों से प्राप्त आँकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि जिन अनुभागों से सभी प्रकार के दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी में अपेक्षाकृत कम जारी किए जा रहे हैं उन अनुभागों में इस बात की निगरानी रखी जाए कि वे सभी प्रकार के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी रूप में जारी करें।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग)**

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कर्मचारियों के संबंध में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करे ताकि वर्ष 2015 तक सभी को यथा अपेक्षित प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इसी के अनुपालनार्थ सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई थी। सभी कार्यालयों ने सूचित किया है कि प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि राजभाषा विभाग के निदेशानुसार चूँकि वर्ष 2015 तक सभी को प्रशिक्षित करना है अतः राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना का भरपूर लाभ उठाते हुए पत्राचार माध्यम से अथवा अन्य माध्यम से हिंदी भाषा और हिंदी टंकण/आशुलिपि का प्रशिक्षण दिलाया जाए तथा नियंत्रक कार्यालय अपनी स्वयं की व्यवस्था से भी प्रशिक्षण प्रदान करें। इसके अतिरिक्त, सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय से उक्त प्रशिक्षण संबंधी समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करें और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था के संबंध में भी सूचित करें।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष तथा संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय)**

**मद सं.:3** <u>सितम्बर, 2013 तथा दिसम्बर, 2013 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा</u> :

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय तथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों के सितम्बर, 2013 तथा दिसम्बर, 2013 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के ऑकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सदस्य सचिव ने सूचित किया कि सितम्बर, 2013 तथा दिसम्बर, 2013 की तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा करने पर किसी भी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय के हिंदी पत्राचार में गिरावट दर्ज नहीं की गई। रक्षा लेख नियंत्रक(वा.से.), नई दिल्ली द्वारा 'ग' क्षेत्र में मामूली सी गिरावट दर्ज की गई। इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि महानियंत्रक कार्यालय के हिंदी पत्राचार में और वृद्धि की जाए ताकि 'क' क्षेत्र के अनुरूप औसत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।

**(कार्रवाई: मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/संबंधित सभी रक्षा लेखा नियंत्रक/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4** <u>हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति</u> :

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

(1) मुख्यालय कार्यालय में 23 आशुलिपिक तथा 08 लिपिक तैनात हैं जिनमें 21 आशुलिपिकों को तथा 08 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 02 आशुलिपिकों को इस सत्र के लिए नामित किया गया था लेकिन किन्ही अपरिहार्य कारणों से दोनों आशुलिपिक इस सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सके।

(2) इसके अतिरिक्त, हिंदी भाषा के प्रशिक्षण के अंतर्गत 01 भा.र.ले.से. अधिकारी प्रबोध एवं 01 सहायक लेखा अधिकारी प्राज्ञ पाठ्यक्रम हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि शेष 02 आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि हेतु अगले सत्र में नामित किया जाए एवं उन्हें प्रशिक्षण हेतु अवश्य भेजा जाए।

**(कार्रवाई: प्रशा.-4/हिंदी अनुभाग)**

**मद संख्या: 5** <u>रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति</u>

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **हिंदी अधिकारी** | 37 | 14 | 23 |
| **वरिष्ठ हिंदी अनुवादक** | 21 | 21 | - |
| **कनिष्ठ हिंदी अनुवादक** | 85 | 64 | 21 |

(1) हिंदी संवर्गीय रिक्त पदों को भरने के संबंध में समिति में गहन विचार-विमर्श हुआ और यह निर्णय लिया गया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी मॉडल भर्ती नियमों को यथा शीघ्र क्रियान्वित किया जाए ताकि हिंदी अधिकारी के रिक्त पदों को तत्काल भरा जा सके।

(2) कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में मुख्यालय कार्यालय एवं संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा अध्यक्ष, कर्मचारी चयन आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोगों के कार्रवाई की गई है। शीघ्र ही कुछ डोजियर प्राप्त होने का संभावना है।

**(कार्रवाई: संबंधित अधिकारीगण/हिंदी कक्ष/प्रशा/2/8 व 11 अनुभाग)**

**मद संख्या:6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण**

(1) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वर्ष 2013-14 में 08 कार्यालयों यथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अफसर), पुणे, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.क.), पुणे, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उ.क.), जम्मू तथा रक्षा लेखा नियंत्रक (वायु सेना), नई दिल्ली का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जा चुका है। सभी कार्यालयों को निरीक्षण रिपोर्ट अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। 07 कार्यालयों से अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। शेष 01 कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक (वा.से.), नई दिल्ली से अनुवर्ती कार्रवाई अभी प्राप्त होनी है।

(2) सदस्य सचिव ने समिति के सूचित किया कि वर्ष 2014-15 में मुख्यालय कार्यालय की ओर से रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों के किए जाने वाले राजभाषा निरीक्षण कार्यक्रम का अनुमोदन कर दिया गया है। इस वर्ष के निरीक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित कार्यालयों को सम्मिलित किया गया है :-

| | |
|---|---|
| 1. | रक्षा लेखा नियंत्रक(सेना), मेरठ |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक(पें,सं.), मेरठ |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक(निधि), मेरठ |
| 4. | रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(पेंशन), इलाहाबाद |
| 6. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(प.क.), चण्डीगढ़ |
| 7. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म.क.), लखनऊ |

**मद संख्या: 7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा वर्ष 2013 में विभाग के निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय, आयुध निर्माणी, मुरादनगर | 10.01.2013 | आश्वासन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में इस मुख्यालय द्वारा रक्षा मंत्रालय(वित्त) के दिनांक 17.06.13, 10.12.13 एवं 07.02.14 को दो पत्र लिखे जा चुके हैं। |
| 2. | प्रधान लेखा नियंत्रक (उ.क.), जम्मू | 16.02.2013 | आश्वासन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस बावत रक्षा मंत्रालय (वित्त) को 31.10.13 तथा 10.12.13 को पत्र भेजे गए हैं। |
| 3. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वेतन), (उ.क.), श्रीनगर | 20.05.2013 | आश्वासन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस बावत रक्षा मंत्रालय (वित्त) को 31.10.13 तथा 10.12.13 को पत्र लिखे गए हैं। |
| 4. | प्रधान लेखा नियंत्रक (पेंशन), इलाहाबाद | 17.07.2013 | दिनांक 03.14 को आश्वासन पूर्ति रिपोर्ट मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 5. | लेखा अधिकारी(गैरीसन इंजीनियर), आर्मी वार कॉलेज, महू | 22.10.2013 | आश्वासन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में इस मुख्यालय द्वारा रक्षा मंत्रालय(वित्त) के दिनांक 07.03.14 को पत्र लिखा गया है। |
| 6. | रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई | 23.11.2013 | आश्वासन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में इस मुख्यालय द्वारा रक्षा मंत्रालय(वित्त) के दिनांक 07.03.14 को पत्र लिखा गया है। |

**(कार्रवाई : मुख्यालय/रक्षा मंत्रालय(वित्त) के हिंदी अनुभाग)**

**मद संख्या: 8 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :**

(1) इस तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की कार्यसूची पावर-पॉवइंट पर तैयार की गई थी जिसकी अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ समिति के सभी सदस्यों ने बहुत सराहाना की और कहा कि यह रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदया द्वारा जारी दिशा-निदेशों ('कागज़ बचाओ' संबंधी आदेश) पर की गई कार्रवाई को सुनिश्चित करता है जो कि अत्यंत प्रशंसनीय है।

(2) अध्यक्ष महोदय ने मुख्यालय कार्यालय सहित विभाग के सभी वैबसाइट को समय-समय पर अद्यतन किए जाने के आदेश भी दिया ।

**(कार्रवाई : रक्षा लेखा विभाग के सभी कार्यालय)**

(3) रक्षा मंत्रालय (वित्त) के सहायक निदेशक (राजभाषा) ने समिति को सुझाव दिया कि प्रत्येक तिमाही में रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा संबंधी विभिन्न कार्यक्रम जैसे हिंदी प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद अथवा राजभाषा संगोष्ठी/सम्मलेन आदि आयोजित किया जाने चाहिए ताकि कार्मिक राजभाषा में कार्य करने के प्रति सदैव सजग रहे।

अध्यक्ष महोदय ने सहायक निदेशक (राजभाषा) के सुझाव पर सहमति जताते हुए उनसे इस संबंध में कार्य योजना/रुपरेखा प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।

अंत मे अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

(दिलीप कुमार)
**हिंदी अधिकारी सह सदस्य सचिव**